प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. विनेश फोगाट ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं। रजत पदक किया पक्का।
2. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने प्रतियोगिता परीक्षा का संशोधित कैलेंडर किया जारी, दिसंबर तक 38 हजार से ज्यादा पदों पर होंगी नियुक्तियां।
3. गिरिडीह में भाजपा नेता और हजारीबाग में क्लीनिक संचालक की हत्या, भाजपा ने राज्य की विधि व्यवस्था पर फिर उठाये सवाल।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंइयां सम्मान योजना में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक, ऑफलाइन आवेदन भी लेने का दिया निर्देश।
   और
5. मौसम विभाग ने रांची, खूंटी और सिमडेगा समेत राज्य के 17 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट किया जारी।

****

भारत की विनेश फोगाट ओलंपिक महिला कुश्ती 50 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में क्यूबा की युस्नेलिस गुज़मैन लोपेज को पांच–शून्य से हराकर फाइनल में पहुंच गई हैं। आज वह स्वर्ण पदक जीतने के लिए मैदान में उतरेंगी।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने वर्ष 2024 की प्रतियोगी परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार इस साल दिसंबर तक विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से राज्य में 38 हजार 949 से ज्यादा पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की संभावना है। नियुक्ति के लिए जेएसएससी की ओर से चयन प्रक्रिया चलायी जा रही है।

****

गिरिडीह जिले में भाजपा नेता और जमीन कारोबारी अनिल यादव की नृशन्स हत्या कर दी गई है।गिरिडीह शहर के अलकापुरी के रहने वाले अनिल यादव का शव पीरटांड़ थाना क्षेत्र में सड़क के किनारे से बरामद किया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने इस मामले के अनुसंधान और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया है। घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के टावर चौक को जाम कर दिया और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। पूर्व विधायक निर्भय कुमार शहाबादी ने राज्य की गिरती विधि व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार की आलोचना की।

****

उधर, हजारीबाग जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाखे के पास अज्ञात अपराधियों ने एक नर्सिंग होम संचालक परशुराम प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उस वक्त हुई जब वे विष्णुगढ़ स्थित अपने नर्सिंग होम से अपने घर लौट रहे थे। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंइयां सम्मान योजना में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर राज्य के वरीय अधिकारियों, जिले के उपायुक्तों और सीएससी के पदाधिकारियों के साथ रांची में उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक

में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस योजना में आ रही तकनीकी अड़चनों को तुरंत दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने योजना के लिए ऑफलाइन आवेदन भी लेने का निर्देश दिया।

****

झामुमो ने सरकार की मंइयां सम्मान योजना को सफल बताया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के बाद भाजपा मुद्दाविहीन हो गयी है।

****

इधर, भाजपा ने झामुमो पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार से जनता का ध्यान हटाने के लिए यह मंइयां सम्मान योजना शुरु की है। उन्होंने कहा कि सरकार की असफल योजनाओं की लंबी फेहरिस्त है।

****

हजारीबाग में मानसून की अच्छी बारिश के बाद किसानों की सक्रियता बढ़ गई है।

****

रांची समेत राज्य भर में मानसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, सिमडेगा समेत 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र से लेकर समीप के बांग्लादेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इसके प्रभाव से राज्य में बारिश के आसार हैं।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पेरिस ओलिंपिक के विनेश के फाइनल में पहुंचने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– झारखंड में ईडी– सीबीआई की कार्रवाई के खिलाफ कानूनी कवच की तैयारी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रांची की ट्रैफिक में सुधार नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज।

प्रभात खबर लिखता है– जेएसएससी संशोधित परीक्षा कैलेंडर जारी, दिसंबर तक अड़तीस हजार नौ सौ उनचास नियुक्तियां।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– पेरिस में मंगल, विनेश का पदक पक्का, नीरज फाइनल में।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हवाले से लिखा है– किसानों का वैकल्पिक कृषि और वन उपज के लिए प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करें।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी बांग्लादेश के राजनीतिक घटनाक्रम की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****